आग से सुरक्षा का जो रखे खयाल, रहें सुरक्षित जान और माल।

घर पर आग से सुरक्षा

रसोई में :

- खाना पकाने के बाद सिलेन्डर का नॉब बन्द करना न भूलें।
- गैस का चूल्हा लाइटर से ही जलाएं ।
- अतिरिक्त सिलेन्डर खुले स्थान पर रखें ।
- गैस सिलेन्डर से होने वाले रिसाव पर फौरन ध्यान दें ।
- गैस सिलेन्डर से रिसाव होने पर विद्युत उपकरण के स्विच बन्द कर दें, खिड़कियां खोल दें व माचिस न जलाएं ।
- जलती माचिस रसोई में इधर–उधर न फेंकें ।
- खाना बनाते समय रसोई में ही रहें ।
- खाना बनाते समय गर्म बर्तन हमेशा सनसी से पकड़ कर ही उतारें ।
- जलते व गर्म स्टोव में तेल न डालें ।

विद्युत उपकरणों के साथः –

- विद्युत उपकरणों में हमेशा उपयुक्त प्लग/साकेट/तार का प्रयोग करें ।
- तारों पर अतिरिक्त लोड न डालें ।
- प्रयोग में न होने पर विद्युत उपकरणों के प्लग को स्विच बोर्ड से निकाल दें ।
- विद्युत उपकरण में स्पार्किंग या अन्य समस्या होने पर उसे जानकार व्यक्ति से ही ठीक करवाऐं ।
- हीटर को कपड़ों, परदों, आदि से कम से कम 3 फुट की दूरी पर रखें ।
- जलता हीटर, प्रैस, आदि जलता छोड़कर बाहर न जाएं ।
- बिजली से लगी आग को पानी से न बुझाएं ।

बच्चों के साथः –

- बच्चों को आग से न खेलने दें ।
- माचिस, मोमबत्ती, आदि बच्चों की पहुँच से दूर रखें ।
- बच्चों को अकेले पटाखे न चलाने दें ।
- बच्चों को आग, हीटर, आदि के पास अकेला छोड़कर न जाऐं।
- बच्चों को आग से सावधानी के बारे में बताएं ।

अन्यः –

- बिस्तर में सिगरेट न पिएं ।
- सिगरेट पीते समय ऐशट्रे साथ में रखें व ध्यान दें की ऐशट्रे में सिगरेट ठीक से बुझ गई हो ।
- पूजा का दिया सावधानी पूर्वक जलाएं व सुरक्षित स्थान पर रखें ।
- घर पर अग्निशमन यन्त्र रखें व इसकी प्रयोग विधि घर के सभी सदस्यों को सिखाएं ।
- घर पर फायर अलार्म लगवाएं व इसके बजने पर तुरन्त ध्यान दें ।
- आग लगने पर घर से बाहर निकलने की योजना पहले से ही तैयार करके रखें व इसकी चर्चा परिवार के सभी सदस्यों के साथ करें ।
- अपने सभी जरूरी कागज़ात का विवरण किसी सुरक्षित स्थान पर रखें जैसे इन्टरनैट पर, या 2–3 अलग–अलग स्थानों पर कॉपी करके ।
- परिवार के सभी सदस्यों को जलने के प्राथमिक उपचार की जानकारी दें ।

आग लगने परः –

- आग लगने पर पहले अपनी जान बचाएं, समान आदि बचाना घातक हो सकता है ।
- शरीर के किसी अंग में आग लगने पर दौड़ने के बजाय ज़मीन पर लेट कर पलटें ताकि आग बुझ जाये ।
- आग लगने पर खड़े न हों । ज़मीन पर घुटने के बल चलें ।
- आग लगने पर 101 पर फोन करके नज़दीकी फायर स्टेशन से सम्पर्क करें ।

आयुक्त,
नगर निगम शिमला

भारत सरकार – संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के नगरीय जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत, नगर निगम शिमला द्वारा जनहित में जारी।